
# थामा मेरे करियर का सबसे खास प्रोजेक्ट : आयुष्मान

फिल्म थामा निर्माता दिनेश विजन के साथ आयुष्मान की बाला के बाद दूसरी फिल्म है. बाला ने बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ का आंकड़ा पार किया था. आयुष्मान ने कहा, मुझे खुशी है कि दिनेश विजन को लगता है कि यह मेरे लिए उनके ब्लॉकबस्टर हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स में शामिल होने का सही समय है. स्त्री 2 के बॉलीवुड के इतिहास में सबसे बड़ी फिल्म बनने के बाद मैं इस यूनिवर्स का हिस्सा बनकर गर्व महसूस कर रहा हूँ. मुझे यकीन है कि यह एक ऐसा सिनेमाई अनुभव होगा जिसे दर्शक लंबे समय तक याद रखेंगे .दिनेश ने इस यूनिवर्स को जिस तरह से बनाया है, वह काबिले तारीफ है.



बॉलीवुड अभिनेता आयुष्मान खुराना का कहना है कि फिल्म थामा उनके करियर का सबसे खास प्रोजेक्ट है. मैडॉक फिल्म्स ने हाल ही में अपनी ब्लॉकबस्टर हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की नई फिल्म थामा की घोषणा की है. इस फिल्म में आयुष्मान खुराना, रश्मिका मंदाना, परेश रावल और नवाज़ुद्दीन सिद्दीकी मुख्य भूमिकाओं में नज़र आएंगे. फिल्म थामा दिवाली 2025 पर रिलीज़ होगी और यह फिल्म निर्माता दिनेश विजन के साथ आयुष्मान की बाला के बाद दूसरी फिल्म है. बाला ने बॉक्स ऑफिस पर 100 करोड़ का आंकड़ा पार किया था.

आयुष्मान ने कहा, मुझे ख़ुशी है कि दिनेश विजन को लगता है कि यह मेरे लिए उनके ब्लॉकबस्टर हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स में शामिल होने का सही समय है. स्त्री 2 के बॉलीवुड के इतिहास में सबसे बड़ी फिल्म बनने के बाद मैं इस यूनिवर्स का हिस्सा बनकर गर्व महसूस कर रहा हूँ. मुझे यकीन है कि यह एक ऐसा सिनेमाई अनुभव होगा जिसे दर्शक लंबे समय तक याद रखेंगे.दिनेश ने इस यूनिवर्स को जिस तरह से बनाया है, वह काबिले तारीफ है. एक दोस्त, सहयोगी और उनके काम का प्रशंसक होने के नाते मैं देख सकता हूँ कि उनके भव्य विस्तार के विचारों के साथ यह यूनिवर्स और भी ताकतवर बनेगा.

बाला के बाद फिर से दिनेश विजन के साथ काम करने पर आयुष्मान ने कहा, दिनेश और मेरे बीच एक जैसी दृष्टि है. हमारी फिल्म बाला को दर्शकों ने एक नए दृष्टिकोण के लिए सराहा था. थामा हमारी दूसरी फिल्म है, जो इतनी नई है कि लोग इसे देख चौंक जाएंगे. यह एक ऐसा प्रोजेक्ट है जो भारत में पहले किसी ने नहीं देखा. दिनेश, निर्देशक आदित्य सरपोतदार और लेखक निरेन भट्ट जैसे साथी क्रिएटिव के साथ काम करने के लिए मैं बेहद उत्साहित हूं.

थामा को अपने करियर की सबसे खास फिल्म बताते हुए आयुष्मान ने कहा, यह हॉरर-कॉमेडी यूनिवर्स की पहली लव स्टोरी है, और यह अपने आप में रोमांचक है. इसकी 'ब्लडी' लव स्टोरी का वादा आज के दर्शकों के लिए बिल्कुल नया और रोमांचक है. अपने करियर में मैंने हमेशा ऐसे ही अनोखे प्रोजेक्ट्स की तलाश की है और मुझे खुशी है कि महान निर्देशक और फिल्म निर्माता मुझे इस तरह की फिल्में बनाने का मौका देते हैं. मुझे पूरा विश्वास है कि दर्शक इसे दिल से पसंद करेंगे.

## परिणीति चोपड़ा ने शुरू की नई फिल्म की तैयारी

बॉलीवुड अभिनेत्री परिणीति चोपड़ा ने अपनी नई फिल्म की तैयारी शुरू कर दी है.

परिणीति ने अपने परिवार के साथ दिवाली मनाने के बाद काम शुरू कर दिया. इस बात की जानकारी उन्होंने अपने सोशल मीडिया हैंडल के जरिए दी है.परिणीति ने इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीरें साझा करते हुए जानकारी दी है कि वह अपनी आगामी प्रोजेक्ट की तैयारी कर रही हैं. परिणीति ने पोस्ट के साथ कैप्शन में लिखा, नई फिल्म, नए बाल... तैयारी शुरू.परिणीति ने इंस्टाग्राम पर अपनी तस्वीरें साझा करते हुए जानकारी दी है कि वह अपनी आगामी प्रोजेक्ट की तैयारी कर रही हैं. साथ ही, उन्होंने अपने नए लुक से भी लोगों को रूबरू करवाया, जो उनकी अगली फिल्म में दर्शकों को देखने को मिलेगा. दरअसल, अभिनेत्री ने किरदार की वजह से अपने बालों को कलर करवाया है. तस्वीरों में उन्हें नए रंग के बालों के साथ काफी खुश देखा जा सकता है.



## 'दुर्गा : अटूट प्रेम कहानी' एक नए समय पर

कुछ ही महीनों में घरघर का दिल जीतने के बाद, कलर्स का पसंदीदा शो 'दुर्गा- अटूट प्रेम कहानी' एक नए समय में ड्रामा की नवीन डोज़ देने के लिए तैयार है! दुर्गा के रूप में प्रणाली राठौड़ और अनुराग के रूप में आशय मिश्रा अभिनीत, प्रशंसकों का यह पसंदीदा रोमांस अब 6 नवंबर से हर रात



8-30 बजे प्रसारित होगा. समय में यह बदलाव होने से, दुर्गा और अनुराग की असंभव प्रेम कहानी के फैंस नए ट्विस्ट और टर्न से भरे नए अध्याय की उम्मीद कर सकते हैं. एक ऐसी व्यक्ति के रूप में जो अपने मन की बात कहने से नहीं कतराती है, प्रणाली न केवल अपने दमदार अभिनय से दर्शकों को प्रभावित कर रही हैं, बल्कि एक गंभीर मुद्दे पर चर्चा करने के लिए भी शो का उपयोग कर रही हैं. भले ही उनका किरदार दुर्गा अपने पति राजेश की बढ़ती प्रताड़ना को झेल रहा है, लेकिन प्रणाली घरेलू हिंसा का पुरजोर विरोध करती हैं, और इस बात पर ज़ोर देती हैं कि किसी को भी इस तरह के दुर्व्यवहार को सहन नहीं करना चाहिए. उनके लिए, इस कहानी का मतलब सिर्फ किसी कहानी को जीवंत करना बस नहीं है - यह सशक्तिकरण और दृढ़संकल्प का संदेश है, जो महिलाओं को दुर्व्यवहार के खिलाफ खड़े होने के लिए प्रोत्साहित करता है.

## फिल्म थंडेल 7 फरवरी को सिनेमाघरों में होगी रिलीज

**गीता** आर्ट्स बैनर के तहत बनी वास द्वारा निर्मित और अल्लू अरविंद द्वारा प्रस्तुत, फिल्म थंडेल 07 फरवरी 2025 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी.

युवा सम्राट नागा चैतन्य अभिनीत और चंदू मोंडेती द्वारा निर्देशित बहुप्रतीक्षित फिल्म थंडेल अपनी रिलीज के लिए तैयार है. प्रतिष्ठित गीता आर्ट्स बैनर के तहत बनी वास द्वारा निर्मित और अल्लू अरविंद द्वारा प्रस्तुत, फिल्म का निर्माण पूरा होने वाला है, और निर्माताओं ने आधिकारिक तौर पर रिलीज की तारीख की घोषणा कर दी है.थंडेल 7 फरवरी 2025 को स्क्रीन पर आएगी.

रिलीज की तारीख के पोस्टर में मुख्य जोड़ी, नागा चैतन्य और साई पल्लवी के बीच शानदार केमिस्ट्री को दिखाया गया है, जो एक सुरम्य समुद्री पृष्ठभूमि पर सेट है. पोस्टर में युगल को एक स्नेही आलिंगन में दर्शाया गया है, जो उनके पात्रों के बीच प्यार के गहरे सागर का संकेत देता है.

## प्रभास ने लॉन्च की द स्क्रिप्ट क्राफ्ट वेबसाइट

दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार प्रभास ने राइटर्स को सपोर्ट और प्रोत्साहन देने के लिए द स्क्रिप्ट क्राफ्ट नामक वेबसाइट लॉन्च की है.

द स्क्रिप्ट क्राफ्ट पर राइटर अपनी कहानी के आईडिया को 250 शब्दों के सारांश में भेज सकते हैं. दर्शक फिर आइडियाज को पढ़ सकते है और रेट कर सकते हैं, और जो सबसे ज्यादा पॉपुलर कहानियां होगी, वो टॉप पर आ जाएगी. इसमें फीडबैक सिस्टम में कमेंट्स के बजाय रेटिंग्स का इस्तेमाल किया जाएगा. इससे एक सकारात्मक माहौल बनता है, जो राइटर्स को अपने आइडियाज के लिए आत्मविश्वास और समर्थन देता है.

इसके लॉन्च का जश्न मनाने के लिए, द स्क्रिप्ट क्राफ्ट ने एक स्पेशल कांटेस्ट शुरू किया है, जिसका नाम है अपने पसंदीदा हीरो की कल्पना सुपरपावर के साथ करें!

राइटर्स को 3,500 शब्दों तक की कहानी भेजने के लिए इनवाइट किया गया है, जिसमें उन्हें एक सुपरहीरो के रूप में सोचना है. आखिर में, एक राइटर को दर्शकों की रुचि के आधार पर चुना जाएगा, जिसका एक



असली प्रोजेक्ट पर असिस्टेंट राइटर या असिस्टेंट बनने का खास मौका मिलेगा-ये एक कीमती अनुभव है, जो नए राइटर्स को हाइलाइट करेगा.

इसके अलावा, स्क्रिप्ट क्राफ्ट एक ऑडियोबुक फीचर पेश करने की योजना बना रहा है, जो एरोटर्ड को अपनी कहानियों को इमर्सिव ऑडियो अनुभवों में बदलने की अनुमति देगा. यह पहल राइटर्स को उन लिसनर तक पहुंचने में मदद करेगी जो ऑडियो स्टोरीटेलिंग को पसंद करते हैं.

प्रभास ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट शेयर करते हुए कैप्शन में लिखा है,अपनी कहानी शेयर करें, इस प्लेटफार्म पर दुनिया को प्रेरित करें, जहाँ राइटर्स अपने शब्दों को जीवंत करते हैं और दर्शक वास्तविकता को आकार देने के लिए वोट करते हैं. मूवमेंट में शामिल हो जाएं. सद स्क्रिप्ट क्राफ्ट टीम को शुभकमाएं!



## पुष्पा : द रूल से अल्लू अर्जुन और फहाद फासिल का पोस्टर रिलीज

पुष्पा: द रूल का काउंटडाउन ऑफिशियली शुरू हो चुका है. पुष्पा: द राइज की कामयाबी के बाद, इसका सीक्वल और भी धमाकेदार एक्शन, ड्रामा और इंटेंसिटी के साथ लौटने वाला है. नया पोस्टर इस धमाल की झलक दे रहा है.माइथ्री ऑफिशियल ने काउंटडाउन के साथ एक नया पोस्टर जारी किया है, जिसका कैप्शन है, सपुष्पा- द रूल के लिए एक महीना बाकी है.खुद को तैयार रखें - साल की सबसे बड़ी भारतीय फिल्म एक महीने में सिनेमाघरों में धमाल मचाने के लिए तैयार है.जल्द होने वाला है ट्रेलर का धमाका.

पुष्पा 2: द रूल साल में अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना और फहाद फासिल की मुख्य भूमिका है. इस फिल्म का निर्देशन सुकुमार ने किया है और इसे मैथ्री मूवी मेकर्स और सुकुमार राइटिंग्स द्वारा प्रोड्यूस किया गया है, जिसमें टी-सीरीज़ का म्यूजिक है.



## 'फ्रीडम एट मिडनाइट' का तीसरा टीज़र जारी

फ्रीडम एट मिडनाइट का तीसरा टीज़र जारी किया है, जो इतिहास के एक बेहद अहम पल को सामने लाता है. इसमें महात्मा गांधी सरदार वल्लभभाई पटेल से कहते हैं कि वह मुहम्मद अली जिन्ना को देश की लीडरशिप देने का सुझाव दें, ताकि भारत के विभाजन को रोका जा सके. यह सीरीज एक रोमांचक राजनीतिक ड्रामा है, जिसमें 1947 में भारत की आजादी से जुड़े महत्वपूर्ण घटनाक्रमों को दिखाया गया है.'फ्रीडम एट मिडनाइट' को एम्मी एंटरटेनमेंट ने स्टूडियोनेक्स्ट के सहयोग से तैयार किया है, और इसकेशोरनर व निर्देशक निखिल आडवाणी हैं. यह सीरीज डोमिनिक लेपीरे और लैरी कॉलिन्स की किताब पर आधारित है. इसकी कहानी एक प्रतिभाशाली टीम ने लिखी है, जिसमें अभिनंदन गुप्ता, अद्वितीय कारेंग दास, गुणदीप कौर, दिव्य निधि शर्मा, रेवंता साराभाई और एथन टेलर शामिल थे और यह आजादी के लिए संघर्ष के दौरान घटित महत्वपूर्ण घटनाओं को गहराई से दर्शाती है. इस सीरीज में कई बेहतरीन कलाकार अपने अभिनय का जलवा बिखेर रहे हैं. सिद्धांत गुप्ता जवाहरलाल नेहरु, चिराग वोहरा महात्मा गांधी, राजेन्द्र चावला सरदार वल्लभभाई पटेल, आरिफ ज़कारिया मोहम्मद अली जिन्ना, इरा दुबे फातिमा जिन्ना, मलिश्का मेंडोन्सा सरोजिनी नायडू, राजेश कुमार लियाकत अली खान, केसी शंकर वी.पी. मेनन, ल्युक मैकगिबनी लॉर्ड लुईस माउंटबेटन, कोर्डेलिया बगेजा लेडी एडविना माउंटबेटन, एलिस्टेयर फिनले आर्किबाल्ड वेवेल, एंड्रू कुलम क्लेमेंट एटली और रिचर्ड टेवरसन सीरिल रेडक्लिफ के प्रमुख किरदारों को परदे पर साकार कर रहे हैं.

साइंस एंड टेक्नोलॉजी

# एप्पल दे रहा ये खास ऑफर...

**एप्पल का भारत में बढ़ता कारोबार न केवल आईफोन की बिक्री को बढ़ा रहा है, बल्कि भारत में रोजगार के अवसर भी प्रदान कर रहा है. नए स्टोर्स और मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स के माध्यम से, एप्पल ने अपने भारतीय ग्राहकों के लिए एक नई दिशा दिखाई है. यह सब दर्शाता है कि एप्पल भारत को एक महत्वपूर्ण मार्केट के रूप में देख रहा है और यहां अपने पैर जमाने की कोशिश कर रहा है.**



अगर आप आईफोन खरीदने का सोच रहे हैं, तो आपके लिए एक अच्छी खबर है. एप्पल के छ्वश्वह्र टिम कुक ने हाल ही में भारत में एक नया रिकॉर्ड स्थापित किया है. कंपनी ने पिछली तिमाही में भारत से 6 बिलियन आईफोन का एक्सपोर्ट किया है. अब उनका अगला लक्ष्य भारत से 10 बिलियन आईफोन का एक्सपोर्ट करना है.

### बढ़ता हुआ रेवेन्यू

एप्पल ने जुलाई से सितंबर के बीच भारत में 94.9 बिलियन डॉलर का रेवेन्यू कमाया, जो पिछले साल की तुलना में 6 प्रतिशत अधिक है. यह आंकड़ा इस बात का संकेत है कि एप्पल भारत में अपने व्यवसाय को कितनी तेजी से बढ़ा रहा है.

### चार नए स्टोर्स का उद्घाटन

टिम कुक ने यह भी घोषणा की कि एप्पल भारत में चार नए स्टोर्स खोलने जा रहा है. पिछले साल, कंपनी ने मुंबई (क्च्यष्ट) और दिल्ली (साकेत) में दो रिटेल स्टोर्स खोले थे. अब नए स्टोर्स पुणे, बेंगलुरु, दिल्ली-एनसीआर और मुंबई में खोले जाएंगे. टिम कुक ने कहा कि वे इन स्टोर्स के उद्घाटन का बेसब्री से इंतजार कर रहे हैं.

### शिक्षा क्षेत्र में निवेश की योजना

टिम कुक ने यह भी बताया कि एप्पल शिक्षा क्षेत्र में काम करने की योजना बना रहा है. उन्होंने कहा कि तकनीक की मदद से शिक्षा को बेहतर बनाना संभव है. उनका मानना है कि शिक्षकों को छात्रों को तकनीक का सही उपयोग सिखाना चाहिए, जिससे वे खुद भी इस ज्ञान को समझ सकें.

भारत में मैन्युफैक्चरिंग पर जोर

एप्पल अपनी मैन्युफैक्चरिंग को भारत में बढ़ाने पर भी जोर दे रहा है. कंपनी ने यहां अपनी मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स की संख्या बढ़ा दी है. फॉक्सकॉन कई सालों से भारत मेंआईफोन

### फॉक्सकॉन का प्रमुख योगदान

इस समय, फॉक्सकॉन भारत में आईफोन का सबसे बड़ा सप्लायर है. इसके अलावा, Tata ग्रुप की इलेक्ट्रॉनिक्स मैन्युफैक्चरिंग यूनिट ने अप्रैल से सितंबर तक कर्नाटक से 1.7 बिलियन डॉलर का आईफोन एक्सपोर्ट किया है.? इस प्रकार, एप्पल का भारत में बढ़ता कारोबार न केवल आईफोन की बिक्री को बढ़ा रहा है, बल्कि भारत में रोजगार के अवसर भी प्रदान कर रहा है. नए स्टोर्स और मैन्युफैक्चरिंग यूनिट्स के माध्यम से, एप्पल ने अपने भारतीय ग्राहकों के लिए एक नई दिशा दिखाई है. यह सब दर्शाता है कि एप्पल भारत को एक महत्वपूर्ण मार्केट के रूप में देख रहा है और यहां अपने पैर जमाने की कोशिश कर रहा है.

JANA SMALL FINANCE BANK
(A scheduled commercial bank)

रजिस्टर्ड ऑफिस: द फेयरवे, भूतल एवं प्रथम तल, सर्वे नं. 10/1, 11/2 व 12/2-बी, ऑफिस दोमलुर, कोरामंडला इनर रिंग रोड, नेक्सट टू ईजीएल बिजनेस पार्क, छलाघट्टा, बैंगलोर- 560071, ब्रांच ऑफिस- प्लाट नं. 131/01, ग्राउंड फ्लोर, एम.पी. नगर, जोन-2, भोपाल (म.प्र.)-462011

ई-नीलामी सूचना

वित्तीय परिसंपत्तियों के प्रतिभूतिकरण और पुनर्गठन और प्रतिभूति हित अधिनियम (सरफेसी अधिनियम) 2002 के प्रवर्तन के तहत ई-नीलामी के माध्यम से बिक्री के लिए सार्वजनिक सूचना, प्रावधान नियम 8 (6) और 9 के प्रावधान के साथ पढ़ें

जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड के अधिकृत अधिकारी के रूप में अधोहस्ताक्षरी ने सरफेसी अधिनियम की धारा 13 (4) के तहत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए निम्नलिखित संपत्ति पर कब्जा कर लिया है. ऋणी को विशेष रूप से और आम जनता को सूचित किया जाता है कि बैंक की बकाया राशि की वसूली के लिए नीचे दिए गए खाते में गिरवी संपत्ति की ऑनलाइन नीलामी (ई-नीलामी) जैसा है जहां है और जैसा है जैसा है पर आयोजित किया जाएगा निर्धारित तिथि पर यहां के तहत.

| क्र. | लोन एकाउंट नं. | मूल देनदार/सह देनदार/ गारंटर का नाम | 13-2 नोटिस तिथि | कब्जा तिथि | वर्तमान बकाया | संपत्ति के निरीक्षण की तिथि व समय | आरक्षित मूल्य | बयाना राशि ईएमडी रु. में | ई-नीलामी तिथि व समय | बिड जमा की अंतिम तिथि, समय व स्थान |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 30609440000239 और 30609630000329 | 1. श्री मनोज सोलंकी आत्मज विक्रम सोलंकी 2. श्रीमती आशा सोलंकी पत्नी मनोज सोलंकी | 23.10.2023 | 22-7-2024 | रु. 11,63,832.82 (रु. ग्यारह लाख तिरेसठ हजार आठ सौ बत्तीस व पैसा बयासी मात्र) 3-11-2024 को | 9-11-2024 को 9.00 बजे से 5.30 बजे तक | रु. 8,97,000/- (रु. आठ लाख सन्तानवे हजार मात्र) | रु. 89,700/- (रु. नवासी हजार सात सौ मात्र) | 28-11-2024 को 11.00 बजे से 2.00 बजे तक | 27-11-2024 को 05.00 बजे से पहले जना स्मॉल फायनेंस बैंक लिमि. प्लाट नं. 306-ए, पीयू-4, स्कीम नं. 54, नियर कंट्री इन होटल, मेन एबी रोड, विजय नगर इंदौर-452010 |
| | **संपत्ति विवरण/अनुसूची**- मकान संख्या 123, सरल संख्या 890 वाली भूमि का वह पूरा टुकड़ा, जिसका कुल क्षेत्रफल 1600 वर्ग मीटर (148.69 54.मी.) है, तथा उस पर निर्माण सहित, खसरा संख्या 501 का हिस्सा, ग्राम अवल्या पीपल्यास, पी.एच. संख्या 73 पर स्थित, ग्राम पंचायत अवल्या पीपल्या, तहसील एवं जिला देवास (म.प्र.) की सीमा के भीतर, पूर्व में- नीलेश की कृषि भूमि, पश्चिम में- प्रधानमंत्री रोड, उत्तर में- दिनेश का मकान तथा दक्षिण में- मुकेश का प्लाट. | | | | | | | | | |
| 2. | 45579630000787 | 1. श्रीमती संतोष बाई पत्नी रणछोड़ लाल 2. श्री अशोक आत्मज रणछोड़ लाल | 17-10-2023 | 20-9-2024 | रु. 4,99,888.16 (रु. चार लाख निन्यानवे हजार आठ सौ अठासी व पैसा सोलह मात्र) 3-11-2024 को | 9-11-2024 को 9.00 बजे से 5.30 बजे तक | रु. 5,63,000/- (रु. पांच लाख तिरेसठ हजार मात्र) | रु. 56,300/- (रु. छप्पन हजार तीन सौ मात्र) | 12-12-2024 को 11.00 बजे से 2.00 बजे तक | 11-12-2024 को 05.00 बजे से पहले जना स्मॉल फायनेंस बैंक लिमि. प्लाट नं. 306-ए, पीयू-4, स्कीम नं. 54, नियर कंट्री इन होटल, मेन एबी रोड, विजय नगर इंदौर-452010 |
| | **संपत्ति विवरण/अनुसूची**- प्लॉट हाउस नंबर 87 वाली पूरी जमीन, जिसका क्षेत्रफल 525 वर्ग फीट है, उस पर निर्माण सहित, सर्वे नंबर 272 का हिस्सा. पीएच. नंबर 13, जाट गांव चितवल्याखेड़ा में स्थित, ग्राम पंचायत चितवल्याखेड़ा, तहसील तराना (माकड़ोन) और जिला उज्जैन (म.प्र.) की सीमा के भीतर. सीमा- पूर्व में- कचरूलाल, पश्चिम में- कॉमन रोड, उत्तर में- कचरूलाल और दक्षिण में- गीता बाई. | | | | | | | | | |
| 3. | 30609630000062 | 1. श्री बबलू पटेल आत्मज छिट्टू पटेल 2. श्री मेहसाना बी पत्नी बबलू पटेल | 8-3-2023 | 18-9-2024 | रु. 3,85,032.05 (रु. तीन लाख पिच्यासी हजार बत्तीस व पैसा पांच मात्र) 3-11-2024 को | 9-11-2024 को 9.00 बजे से 5.30 बजे तक | रु. 14,62,000/- (रु. चौदह लाख बांसठ हजार मात्र) | रु. 1,46,200/- (रु. एक लाख छियालीस हजार दो सौ मात्र) | 12-12-2024 को 11.00 बजे से 2.00 बजे तक | 11-12-2024 को 05.00 बजे से पहले जना स्मॉल फायनेंस बैंक लिमि. प्लाट नं. 306-ए, पीयू-4, स्कीम नं. 54, नियर कंट्री इन होटल, मेन एबी रोड, विजय नगर इंदौर-452010 |
| | **संपत्ति विवरण/अनुसूची**- प्लॉट हाउस नं. 01 वाला वह पूरा भूखंड, जिसका क्षेत्रफल 1850 वर्ग फीट (171.93 वर्ग मीटर) है तथा उस पर निर्माण कार्य, पी.एच. नं. 31. सर्वे नं. 421. ग्राम पुवरदा, तहसील एवं जिला देवास (म.प्र.) में स्थित है. सीमा- पूर्व में- सड़क, पश्चिम में- नौशाद पटेल का घर, उत्तर में- शेखर पटेल का घर और दक्षिण में- सद्दाम अल का घर | | | | | | | | | |
| 4. | 36419440000072 | 1. श्री हिम्मतलाल मीना आत्मज शंभू (प्रो. मेसर्स हिम्मतलाल मीना किराना) 2. श्रीमती श्यामू बाई पत्नी हिम्मतलाल मीना | 27-11-2023 | 27-9-2024 | रु. 2,10,108.70 (रु. दो लाख दस हजार एक सौ आठ व पैसा सत्तर मात्र) 3-11-2024 को | 9-11-2024 को 9.00 बजे से 5.30 बजे तक | रु. 3,01,000/- (रु. तीन लाख एक हजार मात्र) | रु. 30,100/- (रु. तीस हजार एक सौ मात्र) | 12-12-2024 को 11.00 बजे से 2.00 बजे तक | 11-12-2024 को 05.00 बजे से पहले जना स्मॉल फायनेंस बैंक लिमि. प्लाट नं. 306-ए, पीयू-4, स्कीम नं. 54, नियर कंट्री इन होटल, मेन एबी रोड, विजय नगर इंदौर-452010 |
| | **संपत्ति विवरण/अनुसूची**- प्लाट हाउस क्रमांक 4/9 वाली भूमि का वह पूरा टुकड़ा, जिसका क्षेत्रफल 900 वर्ग फीट है तथा उस पर निर्माण कार्य भी है, पी.एच. क्रमांक 27. ग्राम रूपेटा में स्थित है. (ग्राम पंचायत रूपेटा, तहसील नागदा और जिला उज्जैन (एमपी) की सीमाओं के भीतर फटाकी. पूर्व में- नाला, पश्चिम में- आम सड़क, उत्तर में- नागदा-महिदपुर रोड और दक्षिण में- खुली जमीन से घिरा हुआ है. | | | | | | | | | |

संपत्तियों को 'जैसा है जहां है के आधार पर' और 'जैसा है जो है के आधार पर' आयोजित किया जा रहा है और ई-नीलामी ऑन लाइन आयोजित की जाएगी. उपरोक्त संपति की खरीद से संबंधित सभी भुगतान किसके पक्ष में किए जाएंगे. जना स्मॉल फाइनेंस बैंक. नीलामी बैंक के अनुमोदित सेवा प्रदाता मेसर्स के माध्यम से आयोजित की जाएगी। 4 वेब पोर्टल https://bankauctions.in और www.foreclosureindia.com पर बंद होना. अधिक जानकारी के लिए और ई-नीलामी पर विवरण, सहायता, प्रक्रिया और ऑनलाइन प्रशिक्षण के लिए, संभावित बोलीदाता मेसर्स से संपर्क कर सकते हैं. 4 समापन; श्री एम. दिनेश से संपर्क करें, संपर्क नंबर- 8142000735. ईमेल आईडी- dinesh@bankauctions.in, info@bankauctions.in. ई-नीलामी कार्यवाही में भाग लेने के लिए नियमों और शर्तों के बारे में अधिक जानकारी के लिए और संपति से संबंधित किसी भी प्रश्न के लिए कृपया जन लघु वित्त बैंक के अधिकारी श्री महेंद्र से संपर्क करें. ब्रम्हणे (मो. नं. 9029290202) एवं श्री अजय नाइक (मो. नं. 9960948687). प्राधिकृत अधिकारी की सर्वोत्तम जानकारी और जानकारी के अनुसार, संपत्तियों पर कोई बाधा नहीं है. हालांकि इरादा बोलीदाताओं को अपनी बोली जमा करने से पहले संपत्ति के स्वामित्व, स्वामित्व के संबंध में अपनी स्वतंत्र पूछताछ करनी चाहिए. कोई भी सशर्त बोली स्वीकार नहीं की जायेगी. यह उपरोक्त नामित उधारकर्ताओं के लिए भी एक सूचना है. गिरवी संपत्तियों के लिए निर्धारित ई-नीलामी के बारे में गारंटर/बंधककर्ता/उधारकर्ता/गारंटर/बंधककर्ता को अद्यतन तिथि के साथ ऊपर उल्लिखित राशि का भुगतान करने के लिए सूचित किया जाता है. नीलामी की तारीख से पहले ब्याज और सहायक खर्च, ऐसा न करने पर संपत्ति बेच दी जाएगी और शेष बकाया, यदि कोई हो, ब्याज और लागत के साथ वसूल किया जाएगा.

दिनांक- 7-11-2024, स्थान- इन्दौर
ह./- प्राधिकृत अधिकारी, जना स्मॉल फाइनेंस बैंक लिमिटेड